म0 प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड
26, अरेरा हिल्स,किसान भवन, जेल रोड भोपाल
Website : www.mpmandiboard.gov.in E-mail : enammpsamb@gmail.com Tel. : 0755-2554949

क्रमांक/बोर्ड/रा0कृ0बा0/2019–20/ई–22/71 भोपाल, दिनांक–04/06/2019

प्रति,

सचिव
कृषि उपज मण्डी समिति .... (समस्त 58)
जिला – .... (म0प्र0)

विषयः– ''राष्ट्रीय कृषि बाजार'' (e-NAM) योजना संचालन हेतु मानव संसाधन के संबंध में।

––00––

उपरोक्त विषयांतर्गत संदर्भ में लेख है कि प्रदेश में संचालित ''राष्ट्रीय कृषि बाजार'' (e-NAM) योजना संचालन हेतु मण्डियों में कम्प्यूटर प्रशिक्षित मानव संसाधन एवं ग्रेडर उपलब्ध न होने से मण्डी बोर्ड मुख्यालय द्वारा परिपत्र क्रमांक/बोर्ड/NAM/निरीक्षण/2016–17/89 भोपाल दिनांक 05.08.2017 जारी कर निविदा विज्ञप्ति के माध्यम से मण्डी स्तर पर, पूर्णतः अस्थाई रूप से 05 माह के लिये परिपत्र अनुसार ई–नेम की मण्डियों में 04 कम्प्यूटर आपरेटर एवं 01 ग्रेडर रखे गये। इस संबंध में मण्डी बोर्ड मुख्यालय द्वारा जारी आदेश क्रमांक/बोर्ड/NAM/निरीक्षण/2017–18/ई–22/691 भोपाल दिनांक 20.02.2018 अनुसार ई–नेम कार्य हेतु ठेके पर रखे गये मानव संसाधन के संबंध में संबंधित संस्था से निष्पादित किये गये अनुबंध की 05 माह की अवधि पूर्ण होने पर, अनुबंध अवधि 11 माह के लिये बढ़ाई जाकर आवश्यकतानुसार अधिकतम 06 कम्प्यूटर आपरेटर एवं 03 ग्रेडर रखे गये हैं।

e-NAM की मण्डियों के निरीक्षण के दौरान संज्ञान में आया कि ई–नेम प्रभारी तथा इस योजना के अंतर्गत ठेके पर रखे गये कम्प्यूटर आपरेटर एवं ग्रेडर से ई–नेम पोर्टल पर गेट एन्ट्री, असेइंग, बिड किएशन, सेल एग्रीमेंट कार्य लिया जा रहा है। किन्तु मण्डी समितियों में ठेके पर रखे गये कम्प्यूटर आपरेटर एवं ग्रेडर द्वारा वरिष्ठालय से e-NAM योजना हेतु निर्धारित लक्ष्य अनुसार वास्तविक रूप से (Real Time Online) कार्य नहीं किया जा रहा है। साथ ही माह जून–2019 से माह सितम्बर–2019 तक वर्षाकाल के दृष्टिगत मण्डियों में कृषि जिन्सों की आवक कम होने से ई–नेम कार्य हेतु कम्प्यूटर आपरेटर एवं ग्रेडर की संख्या में कमी करते जिन मण्डियों में 06 कम्प्यूटर आपरेटर रखे गये हैं वहॉ 03 कम्प्यूटर आपरेटर एवं जहॉ 04 कम्प्यूअर आपरेटर रखे गये हैं वहॉ 02 कम्प्यूटर आपरेटर तथा प्रत्येक मण्डी के लिये 01 ग्रेडर, ठेके पर रखे जाने हेतु संख्या निर्धारित की जाती है। मण्डियों द्वारा ई–नेम का कार्य वास्तविक रूप से (Real Time Online) निर्धारित लक्ष्य पूर्ति किये जाने पर मण्डी की वित्तीय क्षमता के अनुसार तथा माह अक्टूबर–2019 से कृषि जिन्सों की आवक में वृद्धि होने की स्थिति में संबंधित मण्डियों में e-NAM हेतु ठेके पर रखे गये कम्प्यूटर आपरेटर एवं ग्रेडर की संख्या में वृद्धि की जा सकेगी।

अतः मण्डियों में ठेके पर रखे गये मानव संसाधन की अनुबंध अवधि समाप्त होने पर माह जून–2019 से माह सितम्बर–2019 तक 04 माह की अवधि के लिये उपरोक्त निर्धारित संख्या अनुसार e-NAM कार्य हेतु कम्प्यूटर आपरेटर एवं ग्रेडर ठेके पर रखे जाने हेतु पुनः उसी संबंधित संस्था से निष्पादित अनुबंध की शर्तों के अधीन, अवधि बढ़ाये जाने की कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें।

प्रबंध संचालक
म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

क्रमांक/बोर्ड/रा0कृ0बा0/2019–20/ई–22/72 भोपाल, दिनांक–04/06/2019

प्रतिलिपि :– **सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।**

1. निज सहायक प्रबंध संचालक म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल।
2. संयुक्त/उप संचालक म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड आंचलिक कार्यालय ....(समस्त)

प्रबंध संचालक
म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल